सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

जालंधर ब्रीज

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-8 • 30 OCTOBER TO 05 NOVEMBER 2026 • VOLUME 15 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

प्रेरणा

हार का मतलब रास्ता खत्म होना नहीं, बल्कि यह समझना है कि अगला रास्ता कौन-सा चुनना है।

साप्ताहिक मौसम

दिन	अधिकतम	न्यूनतम
शुक्रवार	26°	17°
शनिवार	28°	17°
रविवार	28°	16°
सोमवार	29°	16°
मंगलवार	29°	15°
बुधवार	29°	16°
वीरवार	28°	16°

*आंकड़े आईएमडी के अनुसार



एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 का दूसरा दिन

भारत ने चीन को 5-2 से हराया

जापान ने बांग्लादेश को 1-0 और मलेशिया ने दक्षिण कोरिया को 3-1 से दी मात

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

ओलंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम में वीरवार को तीन रोमांचक और जोरदार मुकाबले खेले गए जिनमें मेजबान भारत, जापान और मलेशिया ने शानदार जीत दर्ज की। पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने भी भारत और चीन के बीच खेले गए मुकाबले का आनंद लिया तथा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निरंतर प्रयासों के चलते ही पंजाब को प्रतिष्ठित एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने का अवसर मिला है। पंजाब को देश में हॉकी का गढ़ बताते हुए स खुड्डियां ने कहा कि राज्य सरकार इस टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही है।

भारत और चीन के बीच खेले गए बेहद रोमांचक मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन को 5-2 से पराजित किया। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बेहतरीन ड्रैग फ्लिक का प्रदर्शन करते हुए 27वें और 31वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए दो गोल किए। सुखजीत सिंह ने 12वें और 34वें मिनट में दो फील्ड गोल दागे, जबकि जुगराज सिंह ने 47वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल





साभार- हॉकी इंडिया



में बदलकर भारत की जीत सुनिश्चित की। चीन की ओर से पेंग यांग ने 26वें मिनट में और चोंगकोंग चेन ने 36वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल किए।

एक अन्य मुकाबले में जापान ने कड़े संघर्ष के बाद बांग्लादेश को 1-0 से शिकस्त दी। जापान की ओर से राइकी फुजीशिमा ने 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए निर्णायक गोल किया।

इससे पहले दिन के पहले मुकाबले में मलेशिया ने दक्षिण कोरिया को 3-1 से हराया। मलेशिया की ओर से अजीमुद्दीन कमरुद्दीन ने 10वें मिनट में मैदानी गोल करके अपनी टीम का खाता खोला। दक्षिण कोरिया ने जोरदार वापसी करते हुए 31वें मिनट में सोंग हे-सोंग के मैदानी गोल की बदौलत स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

इसके बाद मलेशियाई टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दो और गोल दागे। मोहम्मद अखीमुल्ला अनवर एसुक ने 36वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करके अपनी टीम को 2-1 की बढ़त दिलाई। इसके बाद 50वें मिनट में फैजल बिन सारी ने एक और गोल करके स्कोर 3-1 कर दिया। मलेशिया ने यह बढ़त मुकाबले के अंत तक कायम रखी।

पीएम मोदी आज जारी करेंगे पीएम-किसान की 24वीं किस्त जारी करेंगे



नई दिल्ली (जालंधर ब्रीज). पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 24वीं किस्त जारी करेंगे। इस किस्त के तहत देशभर के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18,690 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे अंतरित की जाएगी, जो किसानों के कल्याण और आर्थिक सशक्तीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

प्रधानमंत्री कृषि भंडारण, प्रसंस्करण और संबंधित अवसंरचना को मजबूत करने के लिए कृषि अवसंरचना कोष के तहत स्थापित 521 इकाइयों को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे, तथा उच्च-मूल्य वाली बागवानी फसलों को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए 12 बागवानी क्लस्टरों का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश के रायसेन में पीएम-किसान की 24वीं किस्त जारी करने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसानों के भाग लेने की उम्मीद है। यह आयोजन किसानों के कल्याण, समृद्धि और सशक्तीकरण के प्रति सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराने के साथ-साथ पीएम-किसान और विभाग की अन्य प्रमुख पहल के महत्व को रेखांकित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। पीएम-किसान की पहली 23 किस्तों के माध्यम से पात्र किसानों को 4.47 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहले ही वितरित की जा चुकी है।

इंडिया ब्लॉक की रामलीला मैदान में रैली: 3,500 पुलिसकर्मी तैनात होंगे

नई दिल्ली. मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली 'इंडिया' गठबंधन की रैली के लिए वीरवार को तैयारियां तेज कर दी गईं। विपक्षी गठबंधन ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं को लेकर यह रैली आयोजित करने का निर्णय किया है। रामलीला मैदान में विपक्षी नेताओं के लिए मुख्य मंच के ऊपर तिरंगे के रंग वाला बड़ा तंबू लगाया जा रहा है।

कांग्रेस ने दावा किया है कि इसमें करीब 10 लाख लोग शामिल होंगे। वहीं, दिल्ली पुलिस के अनुसार, लगभग 50,000 लोगों के जुटने की संभावना है और सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन के लिए करीब 3,500 पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। कांग्रेस विभिन्न राज्यों से कार्यकर्ताओं को जुटाने की तैयारी कर रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोगों, विद्यार्थियों और नागरिक समाज संगठनों से रैली में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने इसे लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का आंदोलन बताया है। पुलिस ने बताया कि कार्यक्रम की निगरानी के लिए 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे, शरीर पर लगाए जाने वाले कैमरे और निगरानी उपकरणों से लैस वाहनों का इस्तेमाल किया जाएगा।

भीड़ प्रबंधन के लिए मैदान को 14 जोन में बांटा गया है और रिजर्व बलों की 10 कंपनियां तैनात की जाएंगी। भारतीय युवा कांग्रेस ने कहा कि कुछ प्रतिभागी सफेद कपड़े पहनकर भूतों का रूप धारण करेंगे। यह उन मतदाताओं का प्रतीक होगा, जिन्हें कथित तौर पर मृत घोषित कर दिया गया है या जिनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

संगठन के अनुसार, कुछ प्रतिभागी 'बैटमैन' के मुखौटे भी पहनेंगे। कांग्रेस नेता मनीष चतरथ को संबोधित 17 अक्टूबर के एक आधिकारिक पत्र के अनुसार, पार्टी को 25 अक्टूबर से तीन नवंबर तक रामलीला मैदान के इस्तेमाल की अनुमति दी गई है। हालांकि, यह अनुमति भूमि स्वामित्व रखने वाले प्राधिकरण की मंजूरी और निर्धारित शर्तों के पालन पर निर्भर है। पुलिस ने आयोजकों को प्रमुख स्थानों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने और फुटेज की निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित करने को कहा है। आयोजकों को पर्याप्त स्वयंसेवक तैनात करने, पेयजल और महिलाओं के लिए अलग शौचालयों की व्यवस्था करने तथा यातायात पुलिस के साथ वाहन पार्किंग का समन्वय करने के निर्देश भी दिए गए हैं। पुलिस ने बताया कि आयोजकों से आमंत्रित लोगों, स्वयंसेवकों और प्रतिभागियों को लाने वाली बसों का विवरण भी मांगा गया है। कार्यक्रम स्थल पर रात में ठहरने की अनुमति नहीं होगी। आयोजकों को अनुशासन बनाए रखने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले भाषणों से बचने की भी चेतावनी दी गई है। एक नवंबर की रैली से पहले 'इंडिया' गठबंधन ने 30 अक्टूबर को ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 'जन महाभियोग' जैसी कार्यवाही आयोजित करने की योजना बनाई है।

पानी के रक्षक बनने का दावा करने वाले ही पंजाब के पानी पर डाका डालने वाले निकले: बलतेज पन्नू

कहा- राजस्थान ने पंजाब को नदी के पानी की रॉयल्टी के हक वाले 1.44 लाख करोड़ रुपये देने से इनकार कर दिया है, वे हर मोर्चे पर पंजाब के खिलाफ 'धक्केशाही' (तानाशाही) की राजनीति कर रहे हैं

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने पिछली कांग्रेस और अकाली-भाजपा सरकारों पर ग्राउंडवाटर के गंभीर मुद्दे को नज़रअंदाज़ करने का आरोप लगाया और कहा कि एक्सपर्ट्स लंबे समय से चेतावनी दे रहे थे कि पंजाब का ग्राउंडवाटर बहुत तेज़ी से कम हो रहा है, लेकिन इन सरकारों ने कभी इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने एक साज़िश के तहत हमारी नहरों, नदियों और डैम को गायब होने दिया ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी न बचे। जिन लोगों ने पंजाब में 'पानी के रक्षकों' के बड़े-बड़े बोर्ड लगाए थे, वे असल में 'पानी के लुटेरे' निकले।



पन्नू ने कहा कि जब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एसवाईएल का प्रस्ताव रखा था, तो कैप्टन अमरिंदर सिंह ने उन्हें सोने का सिक्का और चांदी की थैली दी थी। इससे पहले भी बादल सरकार के दौरान एसवाईएल को मंज़ूरी मिली थी, जिसके लिए हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी देवी लाल ने हरियाणा विधानसभा में बादल साहब का शुक्रिया अदा किया था। इतना ही नहीं, नहरों की ऊंचाई भी बढ़ाई गई ताकि पानी बादलों के निजी फार्महाउस तक पहुंच सके। उन्होंने आगे कहा कि 2022 में जैसे ही मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार सत्ता में आई, नहरी पानी को प्राथमिकता के आधार पर फिर से शुरू करने के आदेश दिए गए। जब मान सरकार आई, तो पंजाब में सिर्फ़ 21-22 प्रतिशत नहरी पानी इस्तेमाल होता था, जो आज बढ़कर 88 प्रतिशत के करीब हो गया है। ज़मीन के नीचे दबी दरारों को ढूंढकर और 14,000 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाकर, आज किसानों को उनकी फसलों के लिए मिनरल से भरपूर नहरी पानी दिया जा रहा है। इससे ज़मीन से पानी निकालना कम हुआ है और गांवों में बोरवेल में ज़्यादा 'टोटा' डालने की समस्या खत्म हो गई है और पानी का लेवल सुधरना शुरू हुआ है।

विधानसभा के हाल के सेशन का ज़िक्र करते हुए बलतेज पन्नू ने कहा कि सेशन के आखिरी दिन पानी से जुड़े ऐतिहासिक प्रस्ताव लाए गए, लेकिन कांग्रेस ने जानबूझकर ड्रामा किया और विधानसभा से भाग गई।

जाखड़ ने पंजाब में जल्द आदर्श आचार सहिंता लागू करने की मांग की



चंडीगढ़. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के नेता सुनील जाखड़ ने वीरवार को पंजाब के राज्यपाल को पत्र लिखकर अपील की कि वह निर्वाचन आयोग से राज्य में आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) को जल्द लागू करने की सिफारिश करें। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति 'बिगड़ती' जा रही है। जाखड़ ने राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को लिखे एक पत्र में कहा कि राज्य सरकार ने कानून-व्यवस्था की मौजूदा स्थिति का हवाला देते हुए अबोहर में नशा-विरोधी मैराथन आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। जाखड़ ने संवाददाताओं को बताया कि मैराथन का आयोजन एक नवंबर को किया जाना था।

टाइगर श्रॉफ फायरिंग में लगा मकोका, कोर्ट ने 11 आरोपियों को 6 नवंबर तक पुलिस रिमांड में भेजा

नौवें आरोपी की मेडिकल हिस्ट्री भी अदालत में पेश की गई

मुंबई. टाइगर श्रॉफ फायरिंग मामले के सभी आरोपियों को गुरुवार को एक विशेष मकोका अदालत के सामने पेश किया गया और 6 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। मुंबई पुलिस ने टाइगर श्रॉफ फायरिंग मामले के 11 आरोपियों के लिए दस दिन की हिरासत की मांग की थी। इसके बाद अदालत ने सभी 11 आरोपियों को 6 नवंबर तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। नौवें आरोपी की मेडिकल हिस्ट्री भी अदालत में पेश की गई, जिसकी केवल एक ही किडनी काम करती है। सुनवाई के बाद, वकील अजिक्य मिर्गल मधुकर ने कहा कि हमने नौवें आरोपी के मेडिकल रिकॉर्ड अदालत के सामने रखे। उसकी केवल एक किडनी काम करती है, जबकि दूसरी किडनी काम नहीं करती है। शुरुआत में मुंबई पुलिस ने दलील दी कि उन्हें डिजिटल और वित्तीय सुरागों का पता लगाना है और जब्त किए गए मोबाइल फोन से जानकारी निकालनी है। हमारा तर्क यह था कि चूंकि ये सभी चीजें पहले ही जब्त की जा चुकी हैं, इसलिए उन्हें शारीरिक हिरासत में रखने की कोई जरूरत नहीं है।



चार आरोपियों - कुणाल, सुमित, राधा और बबीता को दूसरी बार एस्प्लेनेड कोर्ट (किला कोर्ट) में पेश किया गया। यह मामला 18 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे जुहू में हुई गोलीबारी से जुड़ा है, जब अभिनेता टाइगर श्रॉफ एक फुटबॉल क्लब से बाहर निकल रहे थे। अभिनेता को कोई चोट नहीं आई, जबकि उनके ड्राइवर को चोटें आईं।

अब पंजाब में ही नौकरियां मिलने से युवाओं के विदेश जाने के रुझान पर लगी रोक : सीएम मान

पासपोर्ट बनवाने की मांग घटी, क्योंकि युवा अब पंजाब में ही अपना भविष्य बना रहे हैं: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

• **जालंधर ब्रीज.** जगराओं

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने वीरवार को दावा किया कि उनकी सरकार पंजाब में ही रोजगार के अवसर पैदा कर रही है, जिससे युवा विदेश जाने के लिए मजबूर होने के बजाय अपने ही राज्य में अपना भविष्य संवार रहे हैं। उन्होंने युवाओं को 70,000 सरकारी नौकरियां देने, सरकारी स्कूलों में सुधार के परिणामस्वरूप इस वर्ष 882 विद्यार्थियों के नीट (राष्ट्रीय पात्रता कम प्रवेश परीक्षा) पास करने और गांवों के विकास के लिए करोड़ों रुपये के फंड जारी करने को पंजाब की बदलती तस्वीर का प्रमाण बताया। लुधियाना जिले के जगराओं विधानसभा क्षेत्र के गांव कमालपुरा में आयोजित 'लोक मिलनी' कार्यक्रम के दौरान







मुख्यमंत्री ने गांव के सर्वांगीण विकास कार्यों के लिए सरपंच को 51 लाख रुपये का चेक सौंपा। उन्होंने किसानों और महिलाओं के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई तथा पंजाब की प्रगति के लिए काम करने के बजाय कुर्सी की खातिर आपस में लड़ने वाले कांग्रेसी और अकाली नेताओं पर तीखे निशाने साधे। उन्होंने शिरोमणि अकाली दल (बादल) के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि अब मजीठिया के लिए जवाबदेही से बचना मुश्किल हो जाएगा।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, "जरनैलों और खिलाड़ियों की धरती के रूप में पहचाने जाने वाले पंजाब को नशों से जोड़कर बदनाम करने वालों को अपने गुनाहों का हिसाब देना पड़ेगा।" उन्होंने कहा कि मुख्य सरगना के खिलाफ 40,000 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया गया है। उनके अनुसार, संबंधित व्यक्ति ने अपने सत्ता के कार्यकाल के दौरान सरकारी गाड़ियों में नशे की तस्करी करवाई थी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि राज्य के संसाधनों को लूटने और युवाओं की जिंदगी बर्बाद करने वाले ये लोग आपस में मिले हुए हैं और इन्हें अपने कुकर्मों का जवाब देना ही पड़ेगा।

चीमा ने विभागों को योग्य आउटसोर्स कर्मचारियों को ठेके पर रखने की प्रक्रिया में तेजी लाने के दिए निर्देश

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने राज्य सरकार के सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे आवश्यक औपचारिकताएं तत्काल पूरी करके योग्य मामलों को कार्मिक विभाग के पास भेजें, ताकि आउटसोर्स कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से सीधे ठेके के आधार पर नियुक्त किया जा सके। कर्मचारियों की शिकायतों के समाधान के लिए गठित कैबिनेट सब-कमेटी के चेयरमैन एवं वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने एनलिस्टमेंट आउटसोर्सिंग कोऑर्डिनेशन कमेटी के साथ उच्चस्तरीय विचार-विमर्श की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इन निर्देशों का उद्देश्य 'पंजाब स्टेट आउटसोर्स्ड पर्सनल (ट्रांजिशन टू कॉन्ट्रैक्चुअल एंगेजमेंट) एक्ट, 2026' के प्रभावी और सुचारु क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है।

उन्होंने विभिन्न कर्मचारी यूनियनों और संयुक्त मोर्चों के 10 प्रतिनिधिमंडलों के साथ बैठकें कीं। वित्त मंत्री ने जोर देकर कहा कि योग्य कर्मचारियों को राज्य सरकार के साथ सीधे ठेके पर रखने की कानूनी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक बाधा के कारण अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। परिवहन विभाग के कर्मचारी प्रतिनिधियों के साथ बातचीत के दौरान वित्त मंत्री चीमा ने उनकी लंबित मांगों की स्थिति की समीक्षा की और संबंधित विभागीय अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। इसके बाद सीपीएफ कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार उनकी समस्याओं का सकारात्मक और शीघ्र समाधान करने के लिए सक्रियता से काम कर रही है।

नेशनल फेडरेशन ऑफ द ब्लाइंड के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि नेत्रहीन उम्मीदवारों के लिए आरक्षित ग्रुप डी के 28 रिक्त पदों को भरने के लिए आधिकारिक भर्ती प्रक्रिया पहले से ही जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अन्य श्रेणियों में बैकलॉग के तहत खाली पड़े पदों को भी संबंधित पदों के लिए आयोजित होने वाली आगामी भर्ती प्रक्रियाओं के दौरान भरा जाएगा।

ट्रेन में चेन खींचने पर क्या होता है? कितनी देर में रुकती है ट्रेन और कितना लगता है जुर्माना

Travelling क्या आपने कभी सोचा है कि ट्रेन में इमरजेंसी चेन खींचने पर क्या होता है, ट्रेन कितनी देर में रुकती है और बिना वजह चेन खींचने पर कितना जुर्माना लगता है? चलिए जानते हैं रेलवे से जुड़े जरूरी नियम।



• **जालंधर ब्रीज .** फीचर

ट्रेन में आपने इमरजेंसी चेन को लटके हुए देखा होगा, जिसे खींचने पर ट्रेन रुक जाती है। किसी खास या इमरजेंसी की स्थिति में ही इस चेन को खींचने का रेलवे की ओर से निर्देश है लेकिन कई बार लोग ऐसे ही इसे खींच देते हैं। आपने देखा होगा कि ट्रेन की चेन खींचने पर फौरन उस जगह रेलवे पुलिस पहुंच जाती है। क्या आप जानते हैं चेन खींचने के कितनी देर बाद ट्रेन रुकती है और बिना किसी खास कारण के ऐसा करने पर कितना जुर्माना लगता है। आइये आपको पूरी जानकारी देते हैं।

ट्रेन में चेन खींचने पर क्या होता है?

जब कोई यात्री ट्रेन की इमरजेंसी चेन खींचता है, तो उस डिब्बे में लगे आपातकालीन ब्रेक सिस्टम के सक्रिय होने से ट्रेन की स्पीड कम हो सकती है और ट्रेन धीरे-धीरे रुक सकती है। इसके बाद लोको पायलट और रेलवे कर्मचारी स्थिति की जांच करते हैं। जरूरत पड़ने पर ट्रेन में मौजूद रेलवे स्टाफ यह पता लगाने की कोशिश करता है कि चेन क्यों खींची गई है। अगर किसी यात्री ने मेडिकल इमरजेंसी, किसी व्यक्ति के ट्रेन से गिरने की आशंका या दूसरी किसी आपातकालीन स्थिति में चेन खींची है, तो रेलवे कर्मचारी उसके अनुसार कार्रवाई करते हैं। वहीं, बिना किसी खास कारण के चेन खींचने पर यात्री से पूछताछ की जा सकती है और रेलवे कानून के तहत कार्रवाई भी हो सकती है।

चेन खींचने के कितनी देर बाद रुकती है ट्रेन?

ट्रेन की चेन खींचने के बाद उसके रुकने का कोई एक तय समय नहीं है। ट्रेन कितनी जल्दी रुकेगी, यह उसकी स्पीड, वजन, ब्रेकिंग सिस्टम, ढलान और अन्य परिस्थितियों पर निर्भर करता है। चेन खींचने पर ट्रेन का ब्रेक सिस्टम एक्टिव हो सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ट्रेन उसी पल रुक जाएगी। ट्रेन को सही से रोकने में कुछ समय और दूरी लग सकती है। इसलिए यह कहना सही नहीं होगा कि हर ट्रेन चेन खींचने के ठीक इतने सेकंड बाद रुक जाती है।

ट्रेन की चेन किन परिस्थितियों में खींच सकते हैं?

रेलवे में इमरजेंसी चेन का इस्तेमाल कुछ आपातकालीन परिस्थितियों करने के लिए कहा गया है। किसी यात्री की तबीयत अचानक गंभीर रूप से खराब हो जाए और तत्काल मदद की जरूरत हो। कोई व्यक्ति ट्रेन में चढ़ते या उतरते समय छूट जाए और उसे गंभीर खतरा हो। किसी यात्री के ट्रेन से गिरने जैसी गंभीर स्थिति पैदा हो जाए। अन्य ऐसी किसी आपात स्थिति जिसमें ट्रेन रोकना जरूरी हो।

बिना वजह ट्रेन की चेन खींचने पर कितना जुर्माना लगता है?

भारतीय रेलवे में बिना उचित कारण के ट्रेन की इमरजेंसी चेन खींचना दंडनीय अपराध माना जाता है। रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 141 के तहत बिना उचित कारण के ट्रेन में संचार के साधनों में हस्तक्षेप करने या अलार्म चेन का इस्तेमाल करने पर सख्त कार्रवाई हो सकती है। इस अपराध के लिए एक साल तक की कैद, 1,000 रुपये तक का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। पहली बार दोष सिद्ध होने पर कानून में 1 महीने की कैद और 500 रुपये के जुर्माने का प्रावधान भी है। हालांकि, यह सजा अदालत में मामले के तथ्यों और लागू कानूनी प्रावधानों के अनुसार तय होती है।

ट्रेन की चेन खींचने पर रेलवे क्या कार्रवाई करता है?

चेन खींचे जाने पर रेलवे कर्मचारी घटना की जांच कर सकते हैं। वे यह पता लगाने की कोशिश करते हैं कि किस डिब्बे में चेन खींची गई और इसके पीछे क्या कारण था। बिना उचित कारण के ट्रेन रोकने का पाया जाता है, तो संबंधित यात्री से पूछताछ की जा सकती है और रेलवे पुलिस या अन्य अधिकारियों की मदद से कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ाई जा सकती है।

LIFESTYLE

आपको कमजोर कब समझने लगते हैं लोग? ये 7 हरकतें हो सकती हैं जिम्मेदार!

कई बार लोग आपको हल्के में लेने लगते हैं, क्या आपने कभी सोचा है ऐसा क्यों? दरअसल इसके पीछे आपकी ही कुछ आदतें जिम्मेदार होती हैं, जो लोगों के सामने आपको कमजोर दिखाती हैं। कहीं आप भी तो यही गलतियां नहीं कर रहे?



• **जालंधर ब्रीज .** फीचर

कमजोर इंसान वह नहीं होता, जो मुश्किलों से डर जाता है या जिंदगी में कभी-कभी हार जाता है। कई बार एक मजबूत इंसान भी अपने व्यवहार और सोच की वजह से दूसरों के सामने कमजोर पड़ने लगता है। वह दिल का अच्छा होता है, रिश्तों को अहमियत देता है और किसी को दुख नहीं पहुंचाना चाहता। लेकिन यही कोशिश कब उसकी परेशानी बनने लगती है, उसे पता भी नहीं चलता। धीरे-धीरे लोग उसकी बातों को हल्के में लेने लगते हैं और उसकी भावनाओं की कद्र करना भी कम कर देते हैं। चलिए जानते हैं आपकी कौन-सी आदतें दूसरों के नजर में आपकी छवि को कमजोर बना सकती हैं।

हर बात पर सफाई देना

अपनी बात समझाना गलत नहीं है, लेकिन हर छोटी-बड़ी बात पर सफाई देना जरूरी नहीं है। अगर आप हर फैसले के पीछे की वजह दूसरों को बताते रहते हैं, तो लोग आपके कॉन्फिडेंस पर सवाल उठाने लगते हैं। इसलिए अपनी बात साफ शब्दों में कहें और अपने फैसले पर भरोसा रखें। हर किसी को खुश करना या अपनी बात मनवाना आपकी जिम्मेदारी नहीं है।

गलत व्यवहार सहते रहना

किसी की गलती माफ करना अच्छी बात है, लेकिन बार-बार अपमान सहना सही नहीं है। अगर कोई लगातार आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचाता है और आप हर बार चुप रहते हैं, तो वह आपकी चुप्पी को आपकी कमजोरी समझ सकता है। इसलिए अपनी बात शांति से रखें और सामने वाले को बताएं कि उसका व्यवहार आपको पसंद नहीं है।

हर समय दूसरों के लिए मौजूद रहना

दूसरों की मदद करना अच्छी आदत है, लेकिन हर बार अपना काम छोड़कर उनकी मदद करना जरूरी नहीं है। ऐसा करने से आपकी अपनी जरूरतें पीछे छूट सकती हैं। कुछ लोग आपकी मदद की कद्र करेंगे, तो कुछ इसे आपकी जिम्मेदारी समझने लगेंगे। इसलिए अपनी सीमाएं तय करें। अगर आपके पास समय नहीं है, तो विनम्रता से मना कर दें और अपने काम को भी अहमियत दें।

अपनी जरूरतों को नजरअंदाज करना

दूसरों को खुश रखने के चक्कर में अपनी जरूरतों को भूल जाना सही नहीं है। अगर आप हमेशा दूसरों की पसंद का ध्यान रखते हैं और अपनी बात नहीं कहते, तो धीरे-धीरे आप खुद परेशान हो सकते हैं। इसलिए अपनी भावनाओं और जरूरतों को भी अहमियत दें। याद रखें, खुद का ख्याल रखना मतलबी होना नहीं है। दूसरों के साथ-साथ अपनी खुशी का ध्यान रखना भी जरूरी है।

ना कहने से डरना

कई लोग दूसरों को नाराज करने के डर से हर बात पर हां कह देते हैं। इससे उनके ऊपर काम का बोझ बढ़ जाता है और वे अपनी जरूरतों के लिए समय नहीं निकाल पाते। अगर आप भी ऐसा करते हैं, तो जरूरत पड़ने पर ना कहना सीखें। आप विनम्रता से अपनी बात रख सकते हैं। हर किसी को खुश रखना जरूरी नहीं है। अपने समय और जिम्मेदारियों का ध्यान रखना भी उतना ही जरूरी है।

छोटी बातों पर गुस्सा करना

अगर आप छोटी-छोटी बातों पर तुरंत गुस्सा करने लगते हैं, तो इससे रिश्तों में परेशानी बढ़ सकती है। गुस्से में कई बार हम ऐसी बातें कह देते हैं, जिनका बाद में पछतावा होता है। इसलिए किसी बात पर रिएक्शन देने से पहले थोड़ा रुकें और शांत होकर जवाब दें। अपनी बात रखना जरूरी है, लेकिन हर बार गुस्से में जवाब देना सही नहीं है। समझदारी से बात करने की आदत डालें।

खुद को दूसरों से कम समझना

अगर आप हमेशा अपनी तुलना दूसरों से करते हैं और दूसरों के कंपैरिजन में हमेशा खुद को कम आंकते हैं, इससे आपका आत्मविश्वास भी कम हो सकता है। इसलिए दूसरों से तुलना करने के बजाय अपनी मेहनत और तरक्की पर ध्यान दें। हर इंसान की अपनी खूबियां होती हैं। इसलिए खुद को दूसरों से कम ना समझें और अपनी खूबियों पर ध्यान दें।

ना मेयोनीज, ना चीज! सिर्फ 5 मिनट में बनाएं ये हाई प्रोटीन सैंडविच

सैंडविच के शौकीन हैं तो ये वाली रेसिपी जरूर ट्राई करें। सिर्फ 5 मिनट में बनने वाले इन सैंडविच के लिए आपको मेयोनीज, केचअप या चीज की जरूरत नहीं है। ये प्रोटीन रिच सैंडविच खाने में भी बहुत ज्यादा टेस्टी है।

• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी



बनाएं टेस्टी सैंडविच

सुबह का नाश्ता हो या शाम की हल्की भूख, सैंडविच बच्चों से ले कर बड़ों तक सभी को पसंद आता है। बच्चे तो स्कूल टिफिन में भी सैंडविच की जिद करते हैं। फटाफट बनने वाले ऑप्शन्स में ये बेस्ट है। हालांकि सैंडविच को टेस्टी बनाने के लिए मेयोनीज और भर-भर के केचअप डाला जाता है, जो बिल्कुल भी हेल्दी नहीं होते। वहीं कई बार चीज घर में होता नहीं है और बिना इन तीनों के स्वादिष्ट सैंडविच बनाना सुनने में नामुमकिन लगता है, है ना? लेकिन आप हम आपके साथ सैंडविच की ऐसी रेसिपी शेयर कर रहे हैं, जो हेल्दी और प्रोटीन से भरपूर है। इसे बनाने के लिए आपको मेयोनीज, केचअप और चीज की भी जरूरत नहीं है।

हाई प्रोटीन हेल्दी सैंडविच बनाने के लिए सामग्री

बिना मेयोनीज, केचअप और चीज के भी आप हाई प्रोटीन सैंडविच मिनटों में बना सकते हैं। इसे बनाने के लिए आपको जिन सामग्रियों की जरूरत होगी वो हैं- पनीर (100 ग्राम), लहसुन की कलियां (2-3), चिली फ्लेक्स (1/4 चम्मच), नमक (स्वादानुसार), काली मिर्च पाउडर (स्वादानुसार), दही (2-3 चम्मच), ताजा धनिया पत्ता, प्याज (1), कद्दूकस की हुई गाजर (1), कद्दूकस खीरा (1/2), शिमला मिर्च (आधी), मल्टीग्रेन ब्रेड, ग्रिल करने के लिए तेल या घी।

बिना मेयोनीज और चीज के ऐसे

स्टेप 1 - तैयार करें क्रीमी पनीर स्प्रेड : सबसे पहले सैंडविच के लिए एक क्रीमी पनीर स्प्रेड बनाकर तैयार करें। इसके लिए मिक्सर में पनीर के टुकड़े, लहसुन की कलियां, चिली फ्लेक्स, नमक, काली मिर्च का पाउडर, दो से तीन चम्मच दही और खूब सारा ताजा हरा धनिया डालकर ब्लेंड कर लें। इसे एक स्मूद का पेस्ट बना लें।

स्टेप 2- सैंडविच की फिलिंग तैयार करें : अब इस क्रीमी पनीर स्प्रेड को एक बड़ी बाउल में डालें। इसमें बारीक कई हुई प्याज, कद्दूकस की हुई गाजर, ग्रेटेड खीर, कटी हुई शिमला मिर्च डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। आप अपनी मनपसंद कोई भी सब्जी इसमें डाल सकते हैं।

स्टेप 3- ब्रेड में भरें सैंडविच की फिलिंग : अब मल्टीग्रेन ब्रेड की दो स्लाइसेज लें। एक स्लाइस पर तैयार पनीर और सब्जियों की फिलिंग डालकर फैलाएं। इसके ऊपर ब्रेड की दूरी स्लाइस रखकर हल्के हाथों से दबा दें।

स्टेप 4- सैंडविच को तवे पर सेंक लें : सैंडविच को क्रिस्पी और टेस्टी बनाने के लिए तवा गर्म करें और उसपर देसी घी या तेल लगा दें। तैयार सैंडविच को तवे पर रखें और मीडियम आंच पर सेंक लें। सैंडविच एक तरफ से क्रिस्पी हो जाए तो दूसरी साइड पर घी या तेल लगाकर उसे भी क्रिस्पी और गोल्डन होने तक सेंक लें। आप चाहें तो इसके लिए सैंडविच मेकर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

स्टेप 5- बीच से काटकर सर्व करें गरमा-गरम सैंडविच : बिना मेयोनीज, केचअप और चीज वाला हाई प्रोटीन सैंडविच बनकर तैयार है। इसे बीच से काटकर गरमा-गरम सर्व करें। साथ में हरी चटनी का कॉम्बिनेशन जबरदस्त लगेगा। अगर आप कुछ हेल्दी खाना चाहते हैं या वेट लॉस की कोशिश कर रहे हैं, तो ये सैंडविच बनाकर तैयार कर सकते हैं।

पब्लिक प्लेस पर बच्चा करता है नखरे? महिलाओं की इन आदतों से मिलेगी राहत

जालंधर ब्रीज (फीचर) . अक्सर बच्चे अपनी बात मनवाने के लिए तरह-तरह के तरीकों को अपनाते हैं लेकिन जब पब्लिक प्लेसिस पर बच्चों को अपनी बात मनवानी होती है तो वह अक्सर तेज रोने लगते हैं। पब्लिक प्लेस पर बच्चों का किसी चीज को लेकर रोना और हाथ-पैर पटकना अक्सर पेरेंट्स के लिए शर्मिंदगी का कारण बन सकता है। वहीं माता-पिता को ये भी समझ नहीं आता कि आखिर वह अपने बच्चे को कैसे समझाएं ताकी वह चुप हो जाए।



अगर बच्चे भूखे हों, तो एक छोटी सी निराशा भी उन्हें बहुत बड़ी लग सकती है और वे रोने-चिल्लाने लग सकते हैं। इसलिए घर से निकलने से पहले उन्हें कुछ खाने के लिए दें।

किसी बर्थडे पार्टी में जा रहे हैं तो रास्ते में कार में ही इस बारे में बात कर लें। इसकी शुरुआत में कहें कि -आज हम सबको हैलो कहेंगे, मुस्कुराएंगे, बर्थडे वाले बच्चे को विश करेंगे, और फिर तुम खेल सकते हो। ऐसा करके आप बच्चे के दिमाग को पहले से तैयार कर देंगे।

बच्चे के साथ घूमने जाने के लिए ये सबसे जरूरी आदत है। इसमें बच्चे को समझाएं कि 'पहले हम शॉपिंग करेंगे, फिर तुम अपनी पसंद की एक चीज चुन सकते हो, फिर हम कुछ खाएंगे, और उसके बाद हम घर चले जाएंगे।' आगे क्या होने वाला है, यह पता होने से बच्चों के लिए एक काम से दूसरे काम पर जाना आसान हो जाता है।

जब बच्चे नखरे दिखाए तो उनके पास जाएं, झुककर उनकी आंखों के सामने आएं और शांति से बात करें। अगर आप दूर से चिल्लाकर बोलेंगे, तो शायद वे आपकी बात न सुनें, लेकिन पास आकर शांति से बोलने पर उनके सुनने के चांस ज्यादा होता है।

जब बच्चा चिल्ला रहा हो, तो वह कुछ भी सीखने के लिए तैयार नहीं होता। इसलिए पहले उसे शांत होने में मदद करें। क्या हुआ, इस बारे में बाद में बात करें।

बच्चे को ये कहना कि 'बस 5 मिनट और, फिर हम यहां से निकलेंगे। ऐसा करने के बाद अपनी बात पर कायम रहें। इससे उन्हें मानसिक रूप से तैयार होने का समय मिल जाता है।

शॉपिंग गए हैं तो उन्हें कुछ छोटे काम देदें। जैसे बैग में सेब भरने को कहें। कोई काम होने से इंतजार करना और बाहर रहना आसान हो जाता है।

अक्सर बच्चे जब नखरे दिखाकर रोते हैं तो पेरेंट्स उन्हें कहते हैं कि 'मेरी बात सुनो, वरना मैं तुम्हें यहीं छोड़ दूंगी।' अगर आप कहते हैं कि आप उन्हें छोड़ देंगे, लेकिन असल में ऐसा नहीं करते, तो बच्चा समझ जाता है कि आपकी बातों का कोई खास मतलब नहीं है।

हथेली से पता चलेगी सेहत! ये लक्षण बताते हैं शरीर में हो रही कौन से न्यूट्रिशन की कमी

Health आपकी हथेली आपके सेहत का भविष्य भी बता सकती है। हथेली के साथ नाखूनों पर दिखने वाले इन लक्षणों को इग्नोर करने की गलती ना करें क्योंकि ये शरीर में हो रहे पोषण की कमी को आसानी से बता देते हैं।



• **जालंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

शरीर में जरूरी पोषण की कमी कई समस्याओं को पैदा करती है। और, अगर इन कमियों को पूरा ना किया जाए तो बीमारियां होने लगती है। कुछ विटामिन, मिनरल्स की कमी होने पर शुरुआती समय में किसी तरह की समस्या नहीं होती लेकिन शरीर इन कमियों का संकेत जरूर देता है। जैसे अगर आप हथेलियों के आसपास की स्किन और नाखूनों को गौर से देखते हैं तो इन 5 बदलावों को इग्नोर न करें। ये विटामिन, आयरन की कमी, डिहाइड्रेशन जैसी समस्या को दिखाते हैं। होमियोपैथी के डॉक्टर मनु गुप्ता ने ये 5 तरह के लक्षणों को इग्नोर ना करने की सलाह दी है।

उंगलियों के ज्वाइंट्स काले दिख रहे (डार्क नकल्स)

अगर आपके हथेलियों के ऊपरी हिस्से में उंगलियों के ज्वाइंट्स काले दिख रहें, इन हिस्सों पर गहरे-काले धब्बे से नजर आ रहे हैं तो ये विटामिन बी 12 की कमी की ओर इशारा करते हैं। वैसे तो शरीर में विटामिन बी 12 की कमी से और भी कई लक्षण दिखते हैं लेकिन हाथ के नकल्स अगर काले दिख रहे तो विटामिन बी 12 जरूर चेक करवाएं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की रिपोर्ट के मुताबिक ये विटामिन बी 12 की कमी का संकेत होते हैं।

नाखून ड्राई हो रहे और टूट रहे

अगर आपके नाखून दिखने में काफी ड्राई, फीके से दिख रहें और जल्दी-जल्दी टूट रहे, बीच से चिटक जा रहे तो आमतौर पर लोग अपने कैल्शियम का लेवल चेक करवाते हैं। लेकिन कमजोर और टूट रहे नाखूनों के होने पर सबसे पहले अपने आयरन लेवल को चेक करवाएं। अगर शरीर में आयरन लेवल कम होगा तो नाखून बिल्कुल सफेद दिखेंगे, उनमे जरा भी लालिमा नहीं होगी। इसका कारण है कि शरीर में हीमोग्लोबिन और ऑक्सीजन का स्तर घट जाता है, जिसकी वजह से नाखून कमजोर होने लगते हैं और टूट जाते हैं।

हाथों की स्किन लूज हो रही

हथेली के पीछे वाली स्किन अगर लूज है और खींचने पर आसानी से खिंचती है और वापस अपनी पोजीशन में फौरन नहीं लौटती है तो ये शरीर के डिहाइड्रेशन का लक्षण हो सकता है। शरीर में पानी की कमी होने पर स्किन लूज हो जाती है। आमतौर पर माना जाता है कि लूज स्किन के लिए कोलेजन और इलास्टिनक की कमी जिम्मेदार है या फिर उम्र बढ़ रही लेकिन शरीर को अगर पर्याप्त पोषण नहीं मिल रहा और हाइड्रेशन की कमी है तो भी स्किन लूज हो जाती है।

हाथ की उंगलियों में सूजन और दर्द

अगर हाथ की उंगलियों में सूजन महसूस हो रहा और हल्का दर्द है तो ये ह्यूमेटाइड आर्थराइटिस का लक्षण होता है। शरीर के बहुत छोटे जोड़ों में अगर दर्द पनप रहा है तो इसे इग्नोर ना करें। अपने कैल्शियम,विटामिन के इनटेक को फौरन सुधारने की जरूरत है।

बेरंग-पीले से नाखून

अगर नाखूनों का रंग पीला, गंदा सा नजर आने लगे और नाखूनों में टूट-फूट होने लगे तो कई बार ये फंगल इंफेक्शन का लक्षण होता है।

नोट- यह खबर सामान्य जानकारियों पर आधारित है। किसी भी तरह की विशेष जानकारी के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ से उचित सलाह लें।

पंजाब में पहली बार एशियाई हॉकी चैंपियनशिप की मेजबानी; मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने किया टूर्नामेंट का उद्घाटन

• **जालंधर ब्रीज** . पंजाब






पंजाब ने आज पहली बार एशियाई हॉकी चैंपियनशिप की मेजबानी करते हुए अपनी समृद्ध खेल विरासत में एक और ऐतिहासिक अध्याय जोड़ दिया। इस चैंपियनशिप का उद्घाटन आज मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने जालंधर स्थित ओलंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम में किया। इस मेजबानी के साथ पंजाब के हॉकी खिलाड़ियों का अपनी धरती पर खेलने का वर्षों पुराना सपना साकार हो गया है।

छह देशों की टीमों का स्वागत करते हुए और उनके कप्तानों को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब विश्व हॉकी के मंच पर अपना पुराना गौरव पुनः प्राप्त करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस टूर्नामेंट के दौरान सभी लीग मैच जालंधर में खेले जाएंगे, जबकि सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले मोहाली में होंगे। इसके साथ ही पंजाब वर्ष 2030 में हॉकी विश्व कप की मेजबानी करने की तैयारियां भी कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने बांग्लादेश, चीन, जापान, कोरिया और मलेशिया से आई टीमों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने ओलंपियनों, पूर्व खिलाड़ियों, हॉकी इंडिया और अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के प्रतिनिधियों, खेल प्रेमियों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों का भी स्वागत किया।

जालंधर के ओलंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम में 'हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी पंजाब-2026' का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की पहली बार मेजबानी करना पंजाब के लिए ऐतिहासिक क्षण है। यह भारतीय हॉकी में पंजाब के असाधारण योगदान के प्रति सम्मान और गौरव का प्रतीक है।

उन्होंने आगे कहा, "पंजाब सरकार राज्य की खेल प्रतिष्ठा को पुनः स्थापित करने और चैंपियनों की नई पीढ़ी तैयार करने के लिए खेल ढांचे को मजबूत कर रही है। जमीनी स्तर पर खेलों में भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है और खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जा रहा है।"

मुख्यमंत्री ने कहा, "पंजाब और हॉकी का अटूट रिश्ता है। भारतीय हॉकी में राज्य का योगदान केवल खिलाड़ियों के रूप में भागीदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी विरासत है, जिसका निर्माण जुनून, त्याग, अनुशासन और दृढ़ खेल भावना से हुआ है।"

उन्होंने कहा, "पंजाबी खिलाड़ियों के अमूल्य योगदान के बिना भारतीय हॉकी के इतिहास की कल्पना करना भी मुश्किल है। पंजाब अपनी उपजाऊ धरती, मेहनती किसानों और देश की खाद्य सुरक्षा में योगदान के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। इसके साथ ही पंजाब की धरती ने ऐसे ओलंपियन, विश्व चैंपियन और खेल नायक भी पैदा किए हैं, जिन्होंने दुनिया भर में तिरंगे का गौरव बढ़ाया है।"

उन्होंने आगे कहा, "हॉकी पंजाब के खून में समाई हुई है और हर पीढ़ी के खिलाड़ियों ने इस विरासत को पूरे गर्व के साथ आगे बढ़ाया है।"

भारतीय हॉकी में पंजाब के शानदार योगदान का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, "पंजाब ने वर्ष 1928 के एम्स्टर्डम ओलंपिक से लेकर वर्ष 2024 के पेरिस ओलंपिक तक देश को 77 हॉकी ओलंपियन दिए हैं, जिनमें से राज्य के 48 खिलाड़ियों ने ओलंपिक पदक जीते हैं। पंजाबी खिलाड़ियों ने 10 अवसरों पर ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम की कप्तानी भी की है, जो खेल के क्षेत्र में पंजाब के निरंतर नेतृत्व को दर्शाता है।"

महान हॉकी खिलाड़ियों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बलबीर सिंह सीनियर, ऊधम सिंह, पृथिपाल सिंह, अजीत पाल सिंह, सुरजीत सिंह और परगट सिंह के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों की उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों के युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करती रहेंगी।

उन्होंने कहा, "1952 के हेलसिंकी ओलंपिक के फाइनल में बलबीर सिंह सीनियर द्वारा पांच गोल करने की असाधारण उपलब्धि भारतीय हॉकी के इतिहास का एक अद्वितीय अध्याय है। ऊधम सिंह का चार ओलंपिक खेलना और पदक जीतने का शानदार रिकॉर्ड भी हमारे लिए प्रेरणादायक है।"

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2021 के टोक्यो ओलंपिक और वर्ष 2024 के पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम द्वारा कांस्य पदक जीतने से ओलंपिक पदकों के सिलसिले को फिर से मजबूती मिली। उन्होंने कहा कि इससे पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम को लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने का अवसर 52 वर्षों के अंतराल के बाद मिला था।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, "दोनों ओलंपिक टीमों में पंजाब की मजबूत भागीदारी भारतीय हॉकी में राज्य के निरंतर महत्त्व का प्रत्यक्ष प्रमाण है। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली मौजूदा भारतीय हॉकी टीम में पंजाब के आठ खिलाड़ी शामिल हैं।"

उन्होंने कप्तान अजीत पाल सिंह के नेतृत्व में वर्ष 1975 में भारत की पुरुष हॉकी विश्व कप जीत तथा वर्ष 2001 में गगन अजीत सिंह और वर्ष 2016 में हरजीत सिंह की कप्तानी में जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की जीत में पंजाब के योगदान का भी उल्लेख किया। भारतीय हॉकी में जालंधर के विशेष योगदान के बारे में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, "जालंधर और इसके आसपास के गांवों ने ओलंपियनों तथा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की कई पीढ़ियां तैयार की हैं। संसारपुर, खुसरोपुर और मिट्ठापुर जैसे गांवों ने हॉकी के क्षेत्र में अपने विशिष्ट योगदान के कारण विश्व स्तर पर अलग पहचान बनाई है। इन गांवों से 20 से अधिक ओलंपियन निकले हैं। इन गांवों में हॉकी केवल एक खेल नहीं है, बल्कि यह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक चलती आ रही परंपरा है।"

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि ओलंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम पंजाब के लिए भावनात्मक दृष्टि से विशेष महत्त्व रखता है।

उन्होंने कहा, "वर्ष 1975 में भारत की ऐतिहासिक हॉकी विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे सुरजीत सिंह के नाम पर बना यह स्टेडियम पंजाब की हॉकी की दुनिया के त्याग, उपलब्धियों और उम्मीदों का प्रतिनिधित्व करता है। इस टूर्नामेंट के अवसर पर स्टेडियम में ओलंपियन सुरजीत सिंह की एक प्रतिमा भी स्थापित की गई है।" उन्होंने कहा कि स्टेडियम में संचालित पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स सेंटर और खेलो इंडिया सेंटर भविष्य के हॉकी सितारों को निखारने में सहायता कर रहे हैं। वर्तमान में पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स सेंटर में 102 हॉकी खिलाड़ी और खेलो इंडिया सेंटर में 33 अन्य खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

ईएसटीआईसी 2026: विज्ञान को विकसित भारत की आकांक्षाओं से जोड़ना

***जालंधर ब्रीज (नई दिल्ली)** . "समाज में परिवर्तन लाने का सबसे महत्वपूर्ण आधार मुख्य रूप से विज्ञान से ही आएगा।" 28 फरवरी 2006 को भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में ये शब्द कहे थे।*



डॉ. जितेंद्र सिंह
(लेखक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग तथा कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं।)

लगभग दो दशक बाद डॉ. कलाम के ये शब्द पूरी तरह सही साबित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तकनीक आधारित विकास को गति देते हुए 'विकसित भारत' की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत की इस प्रगति पर पूरी दुनिया का ध्यान गया है और उसने इसे स्वीकार भी किया है।

विज्ञान का महत्व केवल इस बात में नहीं है कि हम क्या खोजते हैं, बल्कि इस बात में भी है कि हमारी खोजें देश के लोगों के लिए क्या-क्या संभव बनाती हैं। वैज्ञानिक प्रगति का वास्तविक मूल्य लोगों के जीवन को बेहतर बनाने, समस्याओं का समाधान करने और नए अवसर पैदा करने की उसकी क्षमता में निहित है।

भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। एक विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षाएं केवल आर्थिक विकास और आधुनिक बुनियादी ढांचे तक सीमित नहीं हैं। इनमें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, अधिक उत्पादक कृषि, मजबूत उद्योग, युवाओं के लिए अधिक अवसर और प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर में सुधार भी शामिल हैं। इन सभी आकांक्षाओं को पूरा करने में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमारा दायित्व यह सुनिश्चित करना है कि हम जो ज्ञान विकसित करें, वह सार्थक बदलाव लाने का माध्यम बने।

यही उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) 2026 का व्यापक उद्देश्य है। अपने दूसरे संस्करण में ईएसटीआईसी वर्ष 2025 में शुरू हुए राष्ट्रीय संवाद को आगे बढ़ा रहा है। इसका उद्देश्य वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और उनके व्यावहारिक उपयोग के बीच संबंधों को और मजबूत करना है। यह सम्मेलन वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के अग्रणी लोगों, स्टार्टअप से जुड़े उद्यमियों और युवा शोधकर्ताओं को एक साझा राष्ट्रीय लक्ष्य के लिए एक मंच पर लाता है। हमारे सामने कुछ सबसे महत्वपूर्ण सवाल ऐसे हैं, जिनका समाधान तत्काल आवश्यक है। वैज्ञानिक प्रगति किसानों की उत्पादकता बढ़ाने में किस तरह मदद कर सकती है? अनुसंधान के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है? भारतीय उद्योग उन्नत प्रौद्योगिकियां कैसे विकसित कर सकते हैं, वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कैसे कर सकते हैं और महत्वपूर्ण वस्तुओं के आयात पर निर्भरता कैसे कम कर सकते हैं? अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता के माध्यम से युवाओं के लिए नए अवसर कैसे पैदा किए जा सकते हैं?

भारत की कृषि गाथा का नया रूप : परिवर्तन का एक दशक

जालंधर ब्रीज (नई दिल्ली) . जब माननीय प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 में पदभार संभाला, तब कृषि और किसान कल्याण को भारत के विकास एजेंडे के केंद्र में रखा गया। वर्ष 2015 से यह प्रतिबद्धता उत्पादन और कृषि आय में सुधार से आगे बढ़कर कृषि क्षेत्र को अधिक उत्पादक, सुदृढ़, प्रौद्योगिकी-आधारित और टिकाऊ बनाने के व्यापक परिवर्तन में परिलक्षित हुई है। प्रधानमंत्री ने बार-बार इस बात पर बल दिया है कि "विकसित भारत के लिए भारतीय कृषि का भी विकास होना चाहिए।" उन्होंने यह भी आह्वान किया है कि भारत केवल अपनी खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति तक सीमित न रहे, बल्कि वैश्विक खाद्य आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरे। लाल बहादुर शास्त्री के "जय जवान, जय किसान" और अटल बिहारी वाजपेयी के "जय विज्ञान" के आह्वान को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री ने देश को "जय अनुसंधान" का मंत्र दिया। इस मंत्र के माध्यम से उन्होंने अनुसंधान और नवाचार को भारत की कृषि के भविष्य के केंद्र में स्थापित किया। ये शब्द केवल नीतिगत दिशा का वक्तव्य नहीं थे, बल्कि एक व्यावहारिक दृष्टि के परिचायक थे, जिसकी दूरदर्शिता और विवेक की पुष्टि एक दशक बाद सामने आए साक्ष्यों से स्पष्ट रूप से हुई।



शिवराज सिंह चौहान
(लेखक भारत सरकार में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री हैं। लेख में व्यक्त विचार व्यक्तिगत हैं।)

यह विजन भारतीय कृषि को देखने के हमारे दृष्टिकोण में निर्णायक बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। हरित क्रांति ने भारत को खाद्य सुरक्षा प्रदान की। आज हमारी जिम्मेदारी पोषण सुरक्षा, किसानों की समृद्धि, संसाधन सुरक्षा और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता की मजबूत नींव तैयार करना है। भारत की कृषि यात्रा उल्लेखनीय उपलब्धियों से भरी रही है। कभी खाद्य आयात पर निर्भर रहने वाला भारत कुछ ही दशकों में प्रमुख अनाजों के मामले में आत्मनिर्भर बन गया। हरित क्रांति को विज्ञान, उन्नत बीजों, सिंचाई, बुनियादी ढांचे, संस्थागत ऋण, कृषि विस्तार सेवाओं और नीतिगत सहायता से गति मिली। इससे यह सिद्ध हुआ कि जब वैज्ञानिक क्षमता और राजनीतिक प्रतिबद्धता किसी राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए एक साथ आती हैं, तो क्या कुछ अर्जित किया जा सकता है। लेकिन कृषि को अतीत की प्राथमिकताओं तक सीमित नहीं रखा जा सकता। किसानों की आकांक्षाएं बदल गई हैं, नागरिकों के उपभोग के तौर-तरीके बदल गए हैं, बाजार बदल गए हैं और जलवायु भी बदल रही है।

इसलिए वर्ष 2015 से जारी परिवर्तन महत्वपूर्ण है। वर्ष 1995-96 और 2014-15 को संरचनात्मक बदलाव के महत्वपूर्ण पड़ाव माना गया है, क्योंकि ये भारतीय कृषि के विकास के अलग-अलग चरणों को दर्शाते हैं। पहला चरण आर्थिक उदारीकरण के क्रमिक प्रभाव, बाजारों के साथ बढ़ते एकीकरण, बदलते उपभोग पैटर्न और अनाज उत्पादकता वृद्धि की धीमी गति को दर्शाता है।

पश्चिमी कमान मैकेनाइजेशन टेक्नोलॉजी सेमिनार : कर्टेन रेज़र



जालंधर ब्रीज (चंडीगढ़) . लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पश्चिमी कमान ने 26 अक्टूबर 2026 को नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में मैकेनाइजेशन टेक्नोलॉजी सेमिनार 2.0 (एमटीएस 2.0) के कर्टेन रेज़र का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन पश्चिमी कमान द्वारा सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) के सहयोग से किया गया।

'चक्र - भविष्य के युद्ध के लिए मौजूदा प्लेटफॉर्म का रूपांतरण' विषय पर आधारित यह सेमिनार 14-15 दिसंबर 2026 को चंडीमंदिर मिलिट्री स्टेशन में एसआईडीएम के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। इसमें भारतीय सेना, रक्षा उद्योग और शिक्षाविदों से जुड़े हितधारक एकत्रित होकर मशीनीकृत सेनाओं की तकनीकी प्रगति तथा उनकी क्षमताओं में वृद्धि से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे।

पश्चिमी कमान की एक पहल के रूप में एमटीएस 2.0 का उद्देश्य मौजूदा सैन्य प्लेटफॉर्म को तकनीकी रूप से उन्नत, अधिक सक्षम और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप युद्ध प्रणालियों में परिवर्तित करके मशीनीकृत सेनाओं की युद्धक प्रभावशीलता को बढ़ाना है। सेमिनार में युद्धक क्षमता संवर्धन (कॉम्बैट कैपेबिलिटी एन्हांसमेंट), प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग (हार्नेसिंग टेक्नोलॉजी), अनुकूलनशीलता (अडैप्टेबिलिटी), गतिज प्रभाव एवं मारक क्षमता (काइनेटिक्स), नवीनीकरण एवं पुनर्संवर्धन (रिफर्बिशमेंट) तथा आत्मनिर्भरता जैसे प्रमुख विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके साथ ही, परिचालन संबंधी क्षमता की कमियों और आवश्यकताओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित समस्या विवरणों (प्रॉब्लम डेफिनिशन स्टेटमेंट्स - पीडीएस) में परिवर्तित करने पर विशेष बल दिया जाएगा।

कर्टेन रेज़र के दौरान आगामी सेमिनार की व्यापक परिकल्पना और प्रमुख विषयों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इसमें प्रौद्योगिकी-आधारित आधुनिकीकरण, सैन्य एवं नागरिक क्षेत्र के बीच सहयोग तथा स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को सुदृढ़ करने में आत्मनिर्भरता के महत्व को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर सैन्य उपयोगकर्ताओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों तथा अन्य हितधारकों को एक साझा मंच प्रदान किया गया, जहाँ मौजूदा प्लेटफॉर्म के आधुनिकीकरण, स्वदेशी तकनीकी नवाचार और उभरती परिचालन आवश्यकताओं पर विचार-विमर्श किया गया।

13 साल के सूखे के बाद पंजाब अंडर-19 ने फिर जीती वीणू मांकड़ ट्रॉफी एलीट

जालंधर ब्रीज (पंजाब) . पंजाब अंडर-19 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई अंडर-19 को 7 विकेट से हराकर 2026-27 वीणू मांकड़ ट्रॉफी एलीट का खिताब अपने नाम कर लिया। द डेली कॉलेज, इंदौर में खेले गए फाइनल मुकाबले में पंजाब ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में शानदार खेल दिखाया।

टॉस जीतकर मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित पारी में 281/9 रन बनाए। मुंबई की ओर से अर्जुन गडोया ने शानदार 109 रनों की पारी खेली, जबकि हर्ष गायकवाड़ ने 61 गेंदों पर 66 रन बनाए।

पंजाब की ओर से गेंदबाजी में साहिबजोत वीर सिंह, वीर सिंह और ईशान सूद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-4 विकेट हासिल किए, जबकि जयप्रताप जौल ने एक विकेट लिया।

281 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब ने शानदार बल्लेबाजी की। प्रांशु प्रताप ने 40 रन बनाए, जबकि सागर विर्क ने शानदार शतक जड़ते हुए 111 रनों की मैच विजयी पारी खेली। ऋषभ गुप्ता ने 59 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कप्तान अर्जुन राजपूत ने अंत तक नाबाद रहते हुए मात्र 33 गेंदों पर 55 रनों की धमाकेदार पारी खेली और पंजाब को 7 विकेट से शानदार जीत दिलाई।

इस जीत के साथ पंजाब अंडर-19 ने 13 साल के सूखे के बाद वीणू मांकड़ ट्रॉफी एक बार फिर पंजाब की झोली में डाल दी।

गुरमीत सिंह मीत हेयर ने पंजाब अंडर-19 को दी बधाई : पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के मानद सचिव गुरमीत सिंह मीत हेयर ने पंजाब अंडर-19 टीम को



वीणू मांकड़ ट्रॉफी एलीट का खिताब जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि 13 साल के सूखे के बाद वीणू मांकड़ ट्रॉफी को दोबारा पंजाब लाना बेहद गर्व की बात है।

उन्होंने कप्तान अर्जुन राजपूत, सागर विर्क, प्रांशु प्रताप, ऋषभ गुप्ता, उमेश गिल सहित पूरी टीम के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कोचिंग स्टाफ, चयनकर्ताओं, सपोर्ट स्टाफ और टीम से जुड़े प्रत्येक सदस्य की मेहनत की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह जीत पंजाब के युवा क्रिकेटरों की प्रतिभा, मेहनत और समर्पण का परिणाम है तथा यह खिताब आने वाले समय में और बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए टीम का मनोबल बढ़ाएगा। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के पूरे प्रबंधन की ओर से भी पंजाब अंडर-19 टीम, कोचिंग एवं सपोर्ट स्टाफ को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी गई। साथ ही पंजाब के सभी क्रिकेट प्रेमियों का भी धन्यवाद किया गया, जिन्होंने टीम का लगातार हौसला बढ़ाया। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन प्रबंधन ने उम्मीद जताई कि पंजाब की टीमें आने वाले समय में भी बीसीसीआई के विभिन्न टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन करते हुए और अधिक खिताब पंजाब की झोली में डालेंगी।

अटल पेंशन योजना आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया



***जालंधर ब्रीज (पंजाब)** . अटल पेंशन योजना के प्रचार-प्रसार, पात्र नागरिकों को योजना से जोड़ने तथा पेंशन संबंधी सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज चंडीगढ़ में अटल पेंशन योजना आउटरीच कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण, पंजाब नेशनल बैंक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समितियों पंजाब, हरियाणा एवं चंडीगढ़ तथा बैंकों के राज्य प्रमुखों, विभिन्न शाखाओं के प्रमुखों तथा बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट एजेंटों की भी सक्रिय भागीदारी रही।*

रामकिशोर मीना उप महाप्रबंधक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति पंजाब ने बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश कुमार मुख्य महाप्रबंधक, पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (PFRDA), आशीष चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, संजीव कुमार झा, मण्डल प्रमुख, पंजाब नेशनल बैंक, चंडीगढ़, बिस्वजीत बिस्वाल, मण्डल प्रमुख, पंजाब नेशनल बैंक, मोहाली, तथा ओमकारनाथ झा उप महाप्रबंधक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति हरियाणा सहित राज्यो सरकारो तथा नाबार्ड से भी उच्च अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया। अटल पेंशन योजना के तहत 18 से 40 वर्ष के पात्र नागरिक अपना अंशदान देते हुये 1000 से 5000 तक प्रति माह पेंशन प्राप्ति के लिए पंजीकरण करवा सकते है।

कार्यक्रम के माध्यम से प्रवेश कुमार मुख्य महाप्रबंधक, PFRDA, द्वारा अटल पेंशन योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को पंजीकृत करने, योजना के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा बैंकिंग नेटवर्क के माध्यम से पेंशन कवरेज का विस्तार करने पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर आशीष चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, द्वारा बैंक अधिकारियों, शाखा प्रमुखों एवं BC एजेंटों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया, क्योंकि वे जमीनी स्तर पर आम नागरिकों तक योजना की जानकारी पहुँचाने और उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने में अहम योगदान देते हैं।

कार्यकर्म मे पिछले वर्ष अच्छे प्रदर्शन के लिए राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति पंजाब, हरियाणा सहित विभिन्न बैंको को पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा सम्मानित भी किया गया।

एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले महान ओलंपियन सुरजीत सिंह के बुत का उद्घाटन



जालंधर ब्रीज (पंजाब) . भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोमवार को ओलंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम में महान ओलंपियन सुरजीत सिंह के कांस्य बुत का उद्घाटन किया गया। बुत के उद्घाटन की रस्म पुरुष हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की पूर्व संध्या पर पंजाब हॉकी अध्यक्ष नितिन कोहली, डिप्टी कमिश्नर वरजीत वालिया, पुलिस कमिश्नर सतिंदर सिंह, ओलंपियन हरप्रीत सिंह मंडेर व बलजीत सिंह ढिल्लों, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जगदीप सिंह गिल तथा फिजिकल कॉलेज, पटियाला की प्रिंसिपल डा. हरमनप्रीत कौर द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह बुत युवा उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का सदाबहार स्रोत बनेगा। युवाओं को नशों से दूर रखने के लिए खेलों को एक प्रभावशाली ढाल बताते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की प्रदेश की प्राचीन खेल विरासत को फिर से जीवंत करने की दूरदर्शी सोच पर प्रकाश डाला। 'खेड़ा वतन पंजाब दीया' जैसी पहल और अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब सरकार द्वारा पहले ही यह स्टेडियम महान ओलंपियन को समर्पित किया जा चुका है और अब राज्य सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानकों का बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर स्टेडियम का नवीनीकरण किया गया है।

उल्लेखनीय है कि ओलंपियन सुरजीत सिंह रंधावा विश्व हॉकी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक थे, जिन्हें उनके असाधारण रक्षात्मक कौशल के लिए जाना जाता है। भारतीय राष्ट्रीय हॉकी टीम के स्तंभ के रूप में उन्होंने 1976 में मॉन्ट्रियल ओलंपिक्स, दो विश्व कप तथा 1974 व 1978 की एशियाई खेलों में देश का प्रतिनिधित्व किया। उनकी लोकप्रियता 1975 में और बढ़ गई जब उन्होंने कुआलालंपुर में भारत को ऐतिहासिक विश्व कप जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित उनकी विरासत भारतीय हॉकी को हमेशा गढ़ती रहेगी।

राहुल गांधी की 'इंसाफ रैली' आप के अधूरे वादों की खोलेगी पोल : बाजवा

• **जालंधर ब्रीज.** अमृतसर



पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने आज अमृतसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि 4 नवंबर को राहुल गांधी की आगामी 'इंसाफ रैली' पंजाब के लोगों की उस मांग को बुलंद करेगी, जिसमें आम आदमी पार्टी सरकार से उसके अधूरे वादों और विफलताओं का हिसाब मांगा जा रहा है। बाजवा ने कहा कि पंजाब की जनता ने भगवंत मान और आप को इस उम्मीद के साथ ऐतिहासिक जनादेश दिया था कि राज्य को नशामुक्त बनाया जाएगा, भ्रष्टाचार-मुक्त शासन मिलेगा, नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और पीड़ितों को इंसाफ मिलेगा। लेकिन चिट्टे, अपराध और भ्रष्टाचार को लेकर लगातार सामने आ रही चिंताओं ने सरकार के कामकाज पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बाजवा ने कहा, 'पंजाब ने आप को बदलाव लाने का मौका दिया था, लेकिन आज जनता अपने सवालों के जवाब मांग रही है। 'इंसाफ रैली' आम पंजाबियों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी और बड़े-बड़े वादे करने वाली सरकार की जवाबदेही तय करने की मांग करेगी।' नशे के मुद्दे पर बाजवा ने सरकार के नशा-विरोधी अभियान की प्रभावशीलता पर सवाल उठाए और आप से जुड़े व्यक्तियों की नशा तस्करी के मामलों में कथित गिरफ्तारियों पर जवाब मांगा। उन्होंने हत्याओं, फिरौती और गैंगस्टर हिंसा पर चिंता जताते हुए पूछा कि सरकार आम नागरिकों और पुलिसकर्मियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करेगी।

बाजवा ने विपक्ष द्वारा उठाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों और घोटालों पर भी सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर सामने आने वाले गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने अधूरे चुनावी वादों का मुद्दा उठाते हुए पूछा कि महिलाओं को 51,000 रुपये देने का वादा कब पूरा होगा, 22 फसलों पर एमएसपी का वादा कहां है और सरकारी कर्मचारियों के लंबित डीए एरियर का भुगतान कब होगा। उन्होंने बरगाड़ी कलां मामले में इंसाफ की दिशा में हुई प्रगति पर भी जवाब मांगा।

बाजवा ने कहा कि कांग्रेस 'इंसाफ रैली' के माध्यम से इन सभी मुद्दों को उठाएगी और हर अधूरे वादे के लिए जवाबदेही तय करने की मांग करेगी। उन्होंने कहा, "पंजाब को इंसाफ, सुरक्षा, पारदर्शी शासन और जवाब चाहिए। 4 नवंबर को राहुल गांधी की 'इंसाफ रैली' के माध्यम से हम जनता के सवाल सीधे सरकार के सामने रखेंगे। पंजाब ने आप को मौका दिया था, अब पंजाब अपना हिसाब मांग रहा है।"

12 नवंबर को प्रकाशित होगा मतदाता सूचियों का ड्राफ्ट, 4 जनवरी 2027 को होगा अंतिम प्रकाशन



होशियारपुर (जालंधर ब्रीज). जिला निर्वाचन अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एस. एस.आर)-2027 करवाया जा रहा है। इस पुनरीक्षण के लिए 1 जनवरी 2027 को योग्यता तिथि निर्धारित किया गया है। इसका उद्देश्य पात्र नागरिकों, विशेषकर युवाओं और पहली बार मतदान के योग्य होने वाले नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना सुनिश्चित करना है।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र नागरिक मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्तूबर 2027 को निर्धारित आयु पूरी करने वाले संभावित पात्र मतदाताओं से भी अग्रिम आवेदन प्राप्त किए जाएंगे, ताकि उन्हें निर्धारित समय पर मतदाता सूची में शामिल करने की प्रक्रिया पूरी की जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, मतदान केंद्रों की रैशनलाईजेशन एवं पुनर्व्यवस्थीकरण 2 नवंबर 2026 तक किया जाएगा।

विजिलेंस ब्यूरो ने नगर निगम के इंस्पेक्टर को 25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों काबू किया



• **जालंधर ब्रीज.** लुधियाना

पंजाब में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने नगर निगम, लुधियाना के जोन-बी में तैनात इंस्पेक्टर शुभम को 25,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है। राज्य विजिलेंस ब्यूरो के आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी इंस्पेक्टर को लुधियाना के अजीत नगर निवासी एक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता के पिता की मृत्यु के बाद पैतृक संपत्ति उसके और उसके भाइयों के नाम हस्तांतरित करवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज नगर निगम, जोन-बी, लुधियाना में जमा करवाए गए थे। ये दस्तावेज संबंधित इंस्पेक्टर शुभम को कार्रवाई के लिए भेजे गए थे। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि पैतृक संपत्ति उसके और उसके भाइयों के नाम हस्तांतरित करने के बदले इंस्पेक्टर शुभम उनसे 25,000 रुपये रिश्वत की मांग कर रहा था।

रिश्वत देने के लिए तैयार नहीं होने पर शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो की लुधियाना रेंज से संपर्क कर मामले की शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विजिलेंस टीम ने जाल बिछाया। इस दौरान दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में आरोपी इंस्पेक्टर शुभम को शिकायतकर्ता से 25,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो के थाना लुधियाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

रिश्वत मांगने वालों की विजिलेंस ब्यूरो को करें शिकायत : मनदीप सिंह सेखों

रयात बाहरा प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में विजिलेंस ब्यूरो ने आयोजित किया जागरूकता सेमिनार, करीब 200 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर



विजिलेंस ब्यूरो की ओर से 26 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक मनाए जा रहे विजिलेंस जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत रयात बाहरा प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, होशियारपुर में जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। इस दौरान विजिलेंस ब्यूरो यूनिट होशियारपुर के डीएसपी मनदीप सिंह सेखों ने अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

सेमिनार में रयात बाहरा प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर चंद्र मोहन, आरटीए अमनदीप कौर, तहसीलदार मनदीप सिंह, जीआरएस कुंतक पाठक और बीडीपीओ कार्यालय होशियारपुर से जीआरएस चरणजीत सिंह ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अलावा यूनिवर्सिटी के स्टाफ सदस्यों और करीब 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

डीएसपी मनदीप सिंह सेखों ने कहा कि एक स्वच्छ, पारदर्शी और खुशहाल समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने सभी को भ्रष्टाचार रोकने और ईमानदारी से काम करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने विजिलेंस ब्यूरो की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी किसी सरकारी काम को करने के बदले रिश्वत की मांग करता है, तो इसकी शिकायत विजिलेंस ब्यूरो के पास की जा सकती है।

बठिंडा स्थित अल्ट्राटेक के 217 कर्मचारियों के लिए 3.36 करोड़ रुपए के समझौते



जालंधर (जालंधर ब्रीज). सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय के मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) कार्यालय के अधीन जालंधर स्थित सहायक श्रम आयुक्त (केंद्रीय) के प्रभावी सुलह प्रयासों के परिणामस्वरूप, 14 अक्टूबर 2026 को बठिंडा स्थित अल्ट्राटेक के प्रबंधन और श्रमिक संघों के बीच दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। श्रमिकों के कल्याण और सौहार्दपूर्ण औद्योगिक सम्बंधों की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीआईटीयू) और ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एआईटीयूसी) के साथ संपन्न हुए समझौतों से अगले पांच वर्षों में 217 श्रमिकों को लगभग 3.36 करोड़ रुपए का वित्तीय लाभ मिलने की आशा है। समझौतों की एक प्रमुख विशेषता यह है कि सम्बंधित समझौतों की शर्तों के अनुसार, सहमत लाभों को वर्ष की दूसरी तिमाही से पूर्वव्यापी रूप से लागू करने का प्रावधान है। ये समझौते रचनात्मक संवाद और प्रबंधन तथा श्रमिक प्रतिनिधियों के सहयोग से संभव हुए हैं।

चरणजीत सिंह चन्नी जवाब दें कि वे दलितों के साथ खड़े हैं या अपने करीबी के साथ: जसवीर सिंह गढ़ी

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



आम आदमी पार्टी ('आप') के नेता और चमकौर साहिब हलका इंचार्ज जसवीर सिंह गढ़ी ने बुधवार को चंडीगढ़ स्थित कांग्रेस भवन के अंदर कांग्रेसी दलित नेता रणजीत सिंह तरखान माजरा पर हुए हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने दलित अधिकारों की रक्षा करने के कांग्रेस लीडरशिप के दावों पर सवाल उठाए और पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी से उनके करीबी बरिंदर सिंह ढिल्लों पर लगे आरोपों को लेकर जवाब मांगा।

'आप' नेता और चमकौर साहिब इंचार्ज जसवीर सिंह गढ़ी ने कहा, "रणजीत सिंह तरखान माजरा एक दलित नेता, पूर्व सरपंच और मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन हैं। उन्होंने चंडीगढ़ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि बरिंदर सिंह ढिल्लों ने उनके साथ मारपीट की, जातिसूचक शब्द कहे और जान से मारने की धमकियां दीं। ये आरोप बेहद गंभीर हैं और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।"

'आप' नेता ने कहा, "कांग्रेसी नेता दलितों की रक्षा की बातें करते हैं, लेकिन कांग्रेस भवन के अंदर ही एक दलित नेता के साथ मारपीट करने और धमकियां देने की शिकायत सामने आई है। अगर कांग्रेस के अपने दफ्तर के अंदर ही दलित सुरक्षित नहीं हैं, तो यह पार्टी कहीं और दलितों की रक्षा करने का दावा कैसे कर सकती है?"

जसवीर सिंह गढ़ी ने कहा, "बरिंदर सिंह ढिल्लों को चरणजीत सिंह चन्नी के करीबी के रूप में जाना जाता है और उन्होंने सार्वजनिक तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री का समर्थन किया है। चरणजीत सिंह चन्नी को अब अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए और लोगों को बताना चाहिए कि क्या वे दलितों के मान-सम्मान के साथ खड़े हैं या इन गंभीर आरोपों के बावजूद अपने करीबियों का साथ देते रहेंगे।"

उन्होंने कहा, "रणजीत सिंह तरखान माजरा ने चंडीगढ़ पुलिस से भारतीय न्याय संहिता, 2023 और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। प्रशासन को शिकायत की जांच करके कानून के मुताबिक उचित कार्रवाई करनी चाहिए।"

जन-जन तक पहुंचाएंगे मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं: राकेश राठौर



• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जालंधर के पूर्व मेयर राकेश राठौर ने 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों को लेकर केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की जनहितैषी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने और लोगों को सरकार की उपलब्धियों से अवगत करवाने के लिए बैठकों का दौर शुरू कर दिया है। इसी अभियान के तहत भाजपा स्पोर्ट्स सेल के प्रदेश सह-संयोजक नीरज गुप्ता के निवास स्थान पर एक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर राकेश राठौर का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। बैठक में भाजपा जालंधर के पूर्व जिला अध्यक्ष रमन पब्बी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राकेश राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश के प्रत्येक वर्ग के कल्याण, गरीबों को सुविधाएं उपलब्ध करवाने, युवाओं को अवसर देने और देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे इन योजनाओं की जानकारी समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाएं, ताकि पात्र लाभार्थी इनका अधिक से अधिक लाभ उठा सकें।

वज्र कोर द्वारा लुधियाना में पंजाब राज्य स्तरीय भूतपूर्व सैनिक रैली का भव्य आयोजन

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



भारतीय सेना की अपने भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, पश्चिमी कमान के तत्वावधान में वज्र कोर द्वारा 01 नवंबर 2026 (रविवार) को धोलेवाल मिलिट्री कॉम्प्लेक्स, लुधियाना में प्रातः 0800 बजे से सायं 1600 बजे तक पंजाब राज्य स्तरीय भूतपूर्व सैनिक रैली 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन का उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके परिवारों के अमूल्य योगदान और बलिदान का सम्मान करने के साथ-साथ उन्हें कल्याणकारी योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार के अवसरों तथा प्रशासनिक सहायता से जोड़ना है।

यह रैली भारतीय सेना और उसके भूतपूर्व सैनिकों के बीच आजीवन बने रहने वाले अटूट संबंध का प्रतीक है। सेना, केंद्र एवं राज्य सरकार तथा विभिन्न नागरिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को एक साझा मंच पर लाकर भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की समस्याओं के प्रभावी समाधान तथा आवश्यक सुविधाओं तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

रैली का प्रमुख आकर्षण चार विशेष सहायता शिविर होंगे, जिनके माध्यम से भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की विभिन्न आवश्यकताओं का समाधान एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

संपर्क शिविर: इस शिविर में विभिन्न रिकॉर्ड कार्यालयों, जिला सैनिक बोर्डों तथा आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गेनाइजेशन (AWPO) के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को सेवा संबंधी दस्तावेजों, कल्याणकारी योजनाओं, पात्रता एवं अन्य प्रशासनिक विषयों पर आवश्यक जानकारी, मार्गदर्शन तथा सहायता प्रदान की जाएगी।

संजीवनी शिविर: स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं को समर्पित इस शिविर में स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श तथा एक्स-सर्विसमेन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) से संबंधित सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

पीएसपीसीएल ने टीम लीडर नियुक्त किए

चंडीगढ़/पटियाला (जालंधर ब्रीज). पंजाब के मुख्यमंत्री स.भगवंत सिंह मान और बिजली मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद के नेतृत्व में पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) ने अक्टूबर 2026 की मासिक इनोवेशन प्रतियोगिता के दौरान चयनित नवीन विचारों को व्यावहारिक रूप देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस दिशा में चयनित विचारों को प्रभावी ढंग से लागू करने, उनकी प्रगति की निगरानी करने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्यों को पूरा करने के लिए समर्पित टीम लीडर नियुक्त किए गए हैं। प्रतियोगिता के दौरान पीएसपीसीएल ने कर्मचारियों के नवाचारपूर्ण विचारों को मान्यता देते हुए उन्हें प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया। इन विचारों का मुख्य उद्देश्य संगठन की कार्यक्षमता में सुधार करना, कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाना तथा उपभोक्ताओं को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाना है।

एनएचएआई द्वारा एनएच-44 एवं एनएच-444ए पर अतिक्रमण हटाने का अभियान सफलतापूर्वक संपन्न



• **जालंधर ब्रीज.** अंबाला/चंडीगढ़

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के क्षेत्रीय कार्यालय (आरओ), चंडीगढ़ के अधीन परियोजना कार्यान्वयन इकाई (पीआईयू), अंबाला द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-44 (एनएप-44) एवं राष्ट्रीय राजमार्ग-444ए (एनएच-444ए) पर विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया। इस अभियान के दौरान, उक्त राष्ट्रीय राजमार्गों पर एनएचएआई की भूमि एवं मार्गाधिकार के अंतर्गत आने वाले लगभग 55 अनधिकृत अस्थायी ढांचों को सफलतापूर्वक हटाया गया।

इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों को अतिक्रमण मुक्त बनाना, यातायात की सुचारू एवं सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना तथा सड़क उपयोगकर्ताओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना था। एनएचएआई यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाता रहेगा कि राष्ट्रीय राजमार्गों का मार्गाधिकार अतिक्रमण मुक्त बना रहे।

टी20 रैंकिंग में अभिषेक शर्मा फिर से नंबर-1

स्पोर्ट्स डेस्क. भारत के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने शानदार शतक के दम पर आईसीसी की टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने अपने साथी खिलाड़ी ईशान किशन को पीछे छोड़ दिया है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर मार्को यानसन ने टेस्ट क्रिकेट में गेंदबाजों और ऑलराउंडरों की रैंकिंग में पहली बार शीर्ष स्थान हासिल करके बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है।


फोटो-बीसीसीआई

बता दें कि ईशान किशन ने इस साल जुलाई में आयरलैंड के खिलाफ लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। इससे पहले अभिषेक जुलाई 2025 में पहली बार दुनिया के नंबर 1 टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज बने थे। उस समय उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड को पीछे छोड़ा था। अब न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक ने उन्हें एक बार फिर शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया है।

दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसन ने टेस्ट क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन से एक साथ दो बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गकेबरहा में खेले गए दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका की जीत में उनका अहम योगदान रहा। यानसन ने बल्लेबाजी करते हुए 85 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 5 विकेट लेकर मैच का रुख बदल दिया। उनके इस प्रदर्शन ने दक्षिण अफ्रीका को बड़ी जीत दिलाने में मदद की। इस मुकाबले के बाद 26 वर्षीय यानसन टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में 13 स्थान ऊपर चढ़कर 56वें नंबर पर पहुंच गए। गेंदबाजों की सूची में उन्होंने 5 स्थान की छलांग लगाई और ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल कर लिया। इसके साथ ही वह टेस्ट ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी शीर्ष पर पहुंच गए। इस सूची में उन्होंने भारत के रवींद्र जडेजा को पीछे छोड़ा है।

गौरतलब है कि रवींद्र जडेजा 4 साल से अधिक समय तक टेस्ट ऑलराउंडरों की रैंकिंग में पहले स्थान पर बने हुए थे। यानसन की इस उपलब्धि से दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट में उनकी अहमियत और बढ़ गई है। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज गेंदबाज डेल स्टेन ने भी यानसन को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर बताया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके बल्ले और गेंद से किए गए प्रदर्शन ने उनकी पहचान एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में मजबूत की है, जो मुश्किल हालात में टीम के लिए बड़ा योगदान दे सकता है।

पटाखा मार्केट और ग्राम पंचायत राओवाली के बीच विवाद सुलझा, आपसी सहमति से हुआ समझौता

• **जालंधर ब्रीज.** राओवाली



पटाखा मार्केट और ग्राम पंचायत राओवाली के बीच चल रहा विवाद आपसी सहमति से सुलझ गया है। पंचायत के सरपंच जसबीर सिंह राणा और पटाखा मार्केट के पदाधिकारियों के बीच बातचीत के बाद सहमति बनी, जिससे मामले का समाधान निकल आया है। यह मामला ग्राम पंचायत बनाम विकास भंडारी के नाम से चल रहा था। इस मामले में अधिवक्ता जगपाल सिंह दुप्पर की भी भूमिका रही। पटाखा मार्केट के पदाधिकारी विकास भंडारी, धीरज कुमार, रवि महाजन और संजीव बाहरी सहित अन्य सदस्यों ने पंचायत के साथ सहमति जताई।

बैठक के दौरान ग्राम पंचायत ने पटाखा मार्केट को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। वहीं, पटाखा मार्केट के सदस्यों ने भी पंचायत को भरोसा दिलाया कि मार्केट में सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक उचित प्रबंध किए जाएंगे, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इस मामले में पटाखा मार्केट पर लिया गया स्टे भी वापस ले लिया गया है। इसके बाद अब पटाखा मार्केट गाँव राओवाली, भोगपुर रोड पर पठानकोट चौक के पास ही लगाई जाएगी।

दोनों पक्षों के बीच बनी इस सहमति से विवाद का समाधान हो गया है। पंचायत और पटाखा मार्केट के सदस्यों ने आपसी सहयोग और सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देने पर सहमति जताई है।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at DB Corp Ltd, J7 NEAR BUS STAND SUBHANPUR (HAMIRA), KAPURTHALA, PUNJAB - 144808, and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.